प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 11.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए लोगों से एकजुट रहने की अपील, कहा– अटूट आस्था और समर्पण का प्रतीक है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के खेलगांव में गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पर विद्यार्थियों से किया संवाद, बोकारो में पुस्तकालय और गुरूजी रात्रि पाठशाला का किया उद्घाटन।
3. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सशस्त्र बलों में भर्ती की तैयारी में जुटे युवाओं से रांची में की मुलाकात, कहा – विकसित भारत के लक्ष्य को अपना मान राष्ट्र प्रथम के भाव से करें कार्य।
4. रेल मंत्रालय ने रांची से तिरुपति के लिए एक नई ट्रेन चलाये जाने को दी मंजूरी, धनबाद से मुंबई के लिए भी नई साप्ताहिक ट्रेन जल्द, नियमित होगी धनबाद–भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन।

और

5. मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू और चतरा समेत राज्य के 13 जिलों में 15 जनवरी तक शीतलहर चलने की जताई संभावना, आम लोगों को दी सलाह– शीतलहर में बरतें सावधानी

***************

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल ऐतिहासिक गौरव का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सोमनाथ मंदिर यात्रा से परिचित कराने का अवसर भी है। श्री मोदी ने कहा कि यह पर्व अटूट आस्था और समर्पण का पर्व है। प्रधानमंत्री ने विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की है।

प्रधानमंत्री ने आज गुजरात के प्रभास पाटन में कहा कि सोमनाथ की रक्षा करने वाले अनगिनत योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री और अपने बाबा दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन की जयंती पर उन्हें नमन किया है। आज रांची स्थित आवास में श्री सोरेन ने अपनी मां रूपी सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन के साथ स्व शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिबू सोरेन का संघर्ष, उनका जीवन और आदर्श सदियों तक जनमानस को न्याय, स्वाभिमान और संघर्ष की राह पर प्रेरित करते रहेंगे। इधर, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बोकारो के जैना मोड़ चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर स्वर्गीय शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में राज्य के विद्यार्थियों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर राज्य के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए चल रही गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की सफलता को लेकर संवाद किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन की जयंती पर उनकी याद में बोकारो जिले में मास्टर सोबरेन मांझी पुस्तकालय का उद्घाटन किया और आदिवासी जनजीवन के अध्ययन पर

केंद्रित गुरूजी रात्रि पाठशाला की भी शुरूआत की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के विद्यार्थी अगर एक कदम चलेंगे तो सरकार उन्हें दस कदम आगे लेकर जाएगी।

***************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची के मोरहाबादी में सशस्त्र बलों में भर्ती की तैयारी में जुटे हुए युवाओं से मुलाकात की। मंत्री ने इनके बीच टीशर्ट का वितरण किया। मौके पर श्री सेठ ने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को अपना मानकर राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करने का आह्वान किया। वहीं, मंत्री ने युवाओं और बच्चों के बीच पतंग का भी वितरण किया।

***************

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 56वें फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल में भाग लिया। डॉक्टर मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाना संतुलन सिखाता है और नेतृत्व में संतुलन की ज़रूरत होती है।

***************

रेल मंत्रालय ने रांची से तिरुपति के लिए एक नई ट्रेन चलाये जाने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा धनबाद से मुंबई के बीच भी नई साप्ताहिक ट्रेन शुरू होगी जो पतरातू और डाल्टेनगंज होकर गुजरेगी। साथ ही, धनबाद से भुवनेश्वर के लिए चल रही स्पेशल ट्रेन को नियमित रूप से चलाया जाएगा। मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, रक्सौल से तिरुपति के बीच धनबाद, बोकारो और रांची होते हुए नियमित ट्रेन चलेगी। जल्द ही इन तीनों ट्रेनों के स्थायी नंबर और टाइम टेबल की घोषणा की जाएगी।

***************

हजारीबाग स्थित केंद्रीय कारा से 31 दिसंबर की रात फरार हुए तीन सजायाफ्ता कैदियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने आज बताया कि ये तीनों कैदी धनबाद जिले के निवासी हैं और पोक्सो एक्ट के मामलों में सजा काट रहे है।

***************

गिरिडीह जिले से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड जब्त किए हैं।

***************

हजारीबाग के बड़कागांव में गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में लंबे समय से चले आ रहे पेयजल संकट को दूर कर लिया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य किरण कुमारी ने बताया कि अदाणी फाउंडेशन ने विद्यालय परिसर में डीप बोरवेल का निर्माण कराकर छात्राओं को बड़ी राहत दी है। इस पहल से विद्यालय की 430 से अधिक छात्राओं को अब नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

***************

मौसम विभाग ने राज्य के 13 जिलों में 13 से 15 जनवरी के बीच शीतलहर चलने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, 13 और 14 जनवरी को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग और गुमला जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। वहीं, 15 जनवरी को गढ़वा, पलामू, गुमला, लातेहार, चतरा और लोहरदगा में ठंड और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने आम लोगों से शीतलहर को देखते हुए सावधानी बरतने की अपील की है।

***************

रांची जिले में ठंड और शीतलहर की चेतावनी को देखते हुए नर्सरी से कक्षा छह तक के सरकारी और निजी स्कूल अब 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। कक्षा सात से 12 तक का पठन–पाठन पूर्वाह्न दस बजे से शुरू होगा। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है।

********समाप्त*********